कम्प्यूटर परिपत्र सं0 - 1516064 दिनांक 08-02-2016

संख्या- ज्वा0कमि0(वि0अनु0शा0)मु01-/स0प0/फार्म-सी सत्यापन/15-16/ 2675 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

( वि0अनु0शा0 अनुभाग)

लखनऊ : दिनांक :फरवरी 05, 2016

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर /एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0)
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक)/(वि0अनु0शा0)/कार्पोरेट सर्किल)
डिप्टी कमिश्नर /असिस्टेन्ट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारी, उत्तर प्रदेश ।

मुख्यालय के परिपत्र संख्या- ज्वा0कमि0(वि0अनु0शा0)मु01-/स0प0/फार्म-सी सत्यापन/15-16/ 119/ कम्प्यूटर परिपत्र सं0 1415009/वाणिज्य कर दिनांक 25.04.2014 द्वारा फार्म-सी के सत्यापन हेतु राज्यवार अलग-अलग एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0) को नामित किया गया था तथा उक्त परिपत्र द्वारा प्रत्येक तिमाही में किये गये कर निर्धारण वादों मे रु0 1.00 लाख या उससे अधिक के फार्म-सी का सत्यापन संबंधित एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0) के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिये गये थे तथा संबंधित एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0) द्वारा विवरण प्राप्त होने के अगले माह में उनके सत्यापन की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये थे । मुख्यालय द्वारा उपरोक्त परिपत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार फार्म-सी के सत्यापन की प्रभावी कार्यवाही नही हो पा रही है । केन्द्रीय बिक्रीकर नियमावली के प्राविधानों के अनुसार केन्द्रीय संव्यवहारों से संबंधित Form-C, E-1, E-2, F, G, H एवं I संबंधित अवधि के 3 माह के अन्दर जमा किये जाने की व्यवस्था है । अत: यह आवश्यक है कि उपरोक्त फार्मो का सत्यापन फार्म दाखिल होने के उपरान्त तत्काल कराया जाये। तद्नुसार: केन्द्रीय संव्यवहारों से संबंधित फार्मो के सत्यापन की उपरोक्त व्यवस्था में आंशिक संशोधन करते हुए दाखिल फार्मो के सत्यापन की व्यवस्था निम्नवत् निर्धारित की जाती है :-

1- केन्द्रीय संव्यवहारों से संबंधित फार्म दाखिल किये जाने के उपरान्त संबंधित कर निर्धारण अधिकारी, जिनके समक्ष उपरोक्त दाखिल किये गये है , फार्मो के पृष्ठांकन के पूर्व ही रु0 1.00 लाख या उससे अधिक धनराशि के फार्मो के जारीकर्ता व्यापारी के अस्तित्व में होने के संबंध में उसके टिन की जांच संबंधित राज्य के वाणिज्य कर विभाग की Website पर जाकर करेंगे ( मुख्य राज्यों के Web-address की सूची संलग्न है ) यदि संबंधित व्यापारी का टिन active नहीं पाया जाता है तो नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये । जारीकर्ता व्यापारी का टिन active होने की दशा में जारी फार्मो का सत्यापन TINXSYS की Website www.tinxsys.com.पर जाकर Form Varification के माध्यम से की जायेगी । Form Varification हेतु TINXSYS पर सभी कर निर्धारण अधिकारियों के Login Id एवं Password पूर्व में ही प्रेषित किये जा चुके हैं तथा इन्हें पुन: सभी एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1/ एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0)/ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) की मेल आईडी पर प्रेषित किया जा रहा है । TINXSYS से सत्यापित पाये गये फार्मो पर संबंधित कर निर्धारण अधिकारी द्वारा " **सत्यापित** " की टिप्पणी अंकित करके अपने हस्ताक्षर एवं नाम व पदनाम की मोहर लगायी जायेगी । इसके पश्चात ही फार्म पृष्ठांकित करते हुए संबंधित लिपिक को हस्तगत कराये जायेंगे । जिन फार्म से संबंधित Data TINXSYS पर उपलब्ध न हो , उन फार्मो से संबंधित सूचना उपरोक्त संदर्भित परिपत्र दिनांक 25.04.2014 द्वारा नामित किये गये संबंधित एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0) को सत्यापन हेतु प्रेषित की जायेगी तथा ऐसे फार्मो पर सत्यापन हेतु प्रेषित जाने वाले पत्र का पत्र संख्या व दिनांक अंकित करके नाम व पदनाम की मोहर अंकित करते हुए हस्ताक्षर के बाद इन्हें संबंधित लिपिक को हस्तगत कराया जायेगा । उपरोक्तानुसार TINXSYS से सत्यापन करने के

उपरान्त जो फार्म असत्यापित पाये जायेंगे, उनके संबंध में तत्काल नोटिस जारी करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी।

2- उपरोक्त व्यवस्था में यदि कर निर्धारण अधिकारी द्वारा कोई फार्म प्रथम दृष्टया संदिग्ध पाया जाता है तो ऐसे मामलों में रु0 एक लाख की सीमा लागू नहीं होगी।

3- कर निर्धारण अधिकारियों के स्तर से प्रेषित फार्मो का सत्यापन संबंधित एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0) उपरोक्त संदर्भित परिपत्र दिनांक 25.04.2014 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करते हुये तिमाही के स्थान पर माहवार प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सूचना पूर्व निर्धारित प्रारुप में प्रेषित करेंगे। कर निर्धारण अधिकारियों द्वारा TINXSYS के माध्यम से उक्त निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सत्यापित किये गये फार्मो की सूचना निम्न प्रारुप में सबंधित ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) को प्रेषित की जायेगी तथा ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) द्वारा उक्त सूचना अपने संभाग की समेकित सूचना संकलित करते हुये प्रत्येक माह की 5 तारीख तक मुख्यालय उपलब्ध करायी जायेगी।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना सुनिश्चत करें।

संलग्नक उपरोक्तानुसार।

5/02/16

**( मुकेश कुमार मेश्राम )**
**कमिश्नर वाणिज्य कर,**
**उत्तर प्रदेश।**

## ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) द्वारा प्रेषित किये जाने वाली सूचना का प्रारुप

संभाग का नाम ..................... माह का नाम................

| फार्म का नाम | माह के आरम्भ में सत्यापन हेतु अवशेष मामले | | माह में दाखिल सत्यापन योग्य फार्म | | माह में TINXSYS के माध्यम से सत्यापित फार्म | | माह में एडी0 कमि0 ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0) को सत्यापन हेतु प्रेषित फार्मो का विवरण | | माह के अन्त में सत्यापन हेतु अवशेष फार्म | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | धनराशि | संख्या | धनराशि | संख्या | धनराशि | संख्या | धनराशि | संख्या | धनराशि |
| C | | | | | | | | | | |
| E-1 | | | | | | | | | | |
| E-2 | | | | | | | | | | |
| F | | | | | | | | | | |
| I | | | | | | | | | | |
| H | | | | | | | | | | |

अधिकारी का नाम व पदनाम

## एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0) द्वारा प्रेषित किये जाने वाली सूचना का प्रारुप

जोन का नाम . ...................... माह का नाम......................

| फार्म का नाम | माह के आरम्भ में सत्यापन हेतु अवशेष मामले | | सत्यापन हेतु कर निर्धारण अधिकारियों से प्राप्त सूचनाओं का विवरण | | | | | | | | विपरीत निष्कर्ष निकाले गये मामलों का विवरण (संक्षिप्त विवरण अलग से दिया जाये ) | | माह के अन्त में सत्यापन हेतु अवशेष मामले | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व्यापा-रियों की संख्या | धन0 | माह में सत्यापन हेतु प्राप्त मामले | | माह तक सत्यापन हेतु प्राप्त मामले | | सूचनाए जिनका परिणाम प्राप्त हुआ | | | | | | | |
| | | | | | | | माह में | | माह तक | | | | | |
| | | | व्यापा-रियों की संख्या | धन0 | व्यापा-रियों की संख्या | धन0 | व्यापा-रियों की संख्या | धन0 | व्यापा-रियों की संख्या | धन0 | व्यापा-रियों की संख्या | धन0 | व्यापा-रियों की संख्या | धन0 |
| C | | | | | | | | | | | | | | |
| E-1 | | | | | | | | | | | | | | |
| E-2 | | | | | | | | | | | | | | |
| F | | | | | | | | | | | | | | |
| I | | | | | | | | | | | | | | |
| H | | | | | | | | | | | | | | |

अधिकारी का नाम व पदनाम

| State | Link |
| --- | --- |
| Commercial Taxes Department, | https://www.apct.gov.in/apportal/index.aspx |
| Commercial Taxes Department, | http://web4.kar.nic.in/arunachalereg/dealersearch.aspx |
| Commercial Taxes Department,Assam | http://www.tax.assam.gov.in/AssamTIMS/retrieveDealerDetails.jsp |
| Finance (Commercial Taxes) Department, Bihar | https://www.biharcommercialtax.gov.in/bweb/rightMenu.do;jsessionid=ac11aa1930d64a83240df79948c189f09cb3e94bf726.e34Sa34Sa3eSaO0Sa3ySaxuQbxv0n6jAmljGr5XDqQLvpAe |
| Excise and Taxation Department, | http://chandigarh.nic.in/dept_excise.htm |
| Commercial Taxes Department, | http://cgweb.nic.in/AnnualReturn/OtherServices/tinSearch.jsp |
| Commercial Taxes Department, Dadra | http://www.dnhctd.gov.in/ |
| Commercial Taxes | http://www.ddvat.gov.in/ |
| Department of Sales Tax, Delhi | http://delhi.gov.in/wps/wcm/connect/doit_tradeandtaxes/TradeAndTaxes/Home |
| Department of Sales Tax, Goa | http://goacomtax.gov.in/ |
| Sales Tax Department, Gujarat | http://www.commercialtax.gujarat.gov.in/vatwebsite/rightMenu.do |
| Excise and Taxation Department, | http://www.haryanatax.com/ |
| Excise and Taxation Department, | https://hptax.gov.in/HPPortal/cnclDlrList.htm?actionCode=getCnclDlrList |
| Excise and Taxation Department, | https://jkcomtax.gov.in/JKPortal/cnclDlrList.htm?actionCode=getCnclDlrList |
| Department of Finance (Commercial | http://www.jharkhandcomtax.gov.in/dealer-search |
| Commercial Taxes Department, | http://164.100.80.121/cto/DealerSearch.aspx |
| Commercial Taxes Department, | http://comtax.kerala.gov.in/wes6/iCOMITRAX/tin_check.jsp |
| Department of Commercial Taxes, | https://mptax.mp.gov.in/mpvatweb/leftMenu.do |
| Sales Tax Department, Maharashtra | http://www.mahavat.gov.in/Tin_Search/Tinsearch.jsp |
| Department of Taxes, Manipur | http://www.manipurvat.gov.in/ |
| Department of Taxes, Meghalaya | http://164.100.150.134/megvat/dealer_search/customerquery.jsp |
| Department of Taxes, Mizoram | http://www.zotax.nic.in/ |
| Department of Taxes,Nagaland | http://taxsoft-ngl.nic.in/nagalandereg/DealerSearch.aspx |
| Commercial Taxes Department, | https://odishatax.gov.in/portal/Shared/DealerSearch.aspx |
| Department of Taxes, Pondicherry | https://vat.py.gov.in/formverification/ |
| Excise and Taxation Department, Punjab | https://www.pextax.com/PEXWAR/appmanager/pexportal/PunjabExcise?_nfpb=true&_pageLabel=PunjabExcise_portal_page_84 |
| Commercial Taxes Department, Rajasthan | http://rajtax.gov.in/vatweb/rightMenu.do;jsessionid=0a0a580f30d547755b038ec34cd0b7e2b0ba48c83a47.e38Obh8Ra3yMe34Ka38Lah4Qbxr0n6jAmljGr5XDqQLvpAe |
| Department of Taxes, Sikkim | http://www.sikkimtax.gov.in/know-your-tin/ |
| Department of Commercial Taxes, | http://www.tnvat.gov.in/Tinverification.aspx |
| Commissioner of Taxes and Excise, | http://web4.kar.nic.in/tripuraereg/dealersearch.aspx |
| Commercial Taxes Department, | https://www.tgct.gov.in/tgportal/index.aspx |
| Trade Tax Department, Uttarakhand | http://comtaxappl.uk.gov.in/findtinno.aspx |
| Trade Tax Department, Uttar Pradesh | http://164.100.181.41/vyasMIS/upvathelpdesk/VATMISdealer.aspx |
| Directorate of Commercial Taxes, | http://www.wbcomtax.nic.in/welcome.asp |